# Bachelor of Arts
# विषय- संस्कृत

## Program Specific Outcomes

1. विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा में स्नातक पश्चात् चारित्रिक विकास में वृद्धि होगी।
2. विद्यार्थी भारतीय संस्कृति एवं कलाओं से परिचित होकर दक्ष बनेंगे।
3. विद्यार्थी काव्य विधा व लेखन कला से परिचित होंगे।
4. विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा में वाक्य निर्माण की समझ विकसित होगी।
5. विद्यार्थियों का संस्कृत भाषा में अनुवाद एवं सम्भाषण का कौशल विकसित होगा।

## I Year / Certificate Course

| COURSE TITLE | COURSE LEARNING OUTCOMES |
|---|---|
| *वेद और व्याकरण*<br>**A1-SANS -1T**<br>***Major-I*** | 1. विश्व की धरोहर के रूप में घोषित ऋग्वेद सहित संपूर्ण वैदिक साहित्य की ज्ञान महिमा से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।<br>2. विद्यार्थी व्याकरण के माध्यम से संस्कृत भाषा साहित्य की संरचना से परिचित होंगे।<br>3. विद्यार्थी में संस्कृत लेखन और अनुवाद की कला का विकास होगा।<br>4. विद्यार्थी का वेद और व्याकरण के माध्यम से धार्मिक, आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक विकास होगा।<br>5. विद्यार्थियों को वैदिक यज्ञों के ज्ञान से प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलेगी।<br>6. प्राचीन देवताओं और यज्ञ विधाओं से विद्यार्थी सुपरिचित होंगे।<br>7. पृथ्वी की महिमा से अवगत होकर विद्यार्थी में पृथ्वी माता के प्रति समर्पण की भावना विकसित होगी। |
| *आर्षकाव्य एवं लौकिक काव्य*<br>**A1- SANS -2T**<br>***Major-II / Minor / Open Elective*** | 1. विद्यार्थियों में ऋषि ज्ञान परम्परा से नैतिक मूल्यों का विकास होगा।<br>2. विद्यार्थी रामायण की सार्वकालिक व सार्वजनिक उपादेयता के साथ राष्ट्र निर्माण में सहायक होंगे।<br>3. भारतीय संस्कृति के अवबोध एवं महापुरुषों के आदर्श से विद्यार्थी परिचित होंगे।<br>4. विद्यार्थियों को प्राचीन सामाजिक संरचना एवं उत्कृष्ट समाज का ज्ञान होगा।<br>5. विद्यार्थियों में रंगमंचीय कौशल के विकास व लेखन कला का दृष्टिकोण विकसित होगा। |

Affiliated to Jiwaji University, Gwalior (M.P.)

Phone No.: 07542-251641 Email : hegpgcgun@mp.gov.in

Website : https://highereducation.mp.gov.in/?orgid=179


# II Year / Diploma Course

| COURSE TITLE | COURSE LEARNING OUTCOMES |
|---|---|
| *गद्य, दर्शन एवं व्याकरण*<br><br>**A2- SANS -1T**<br>*Major-I* | 1. विद्यार्थियों का सार्वभौमिक रूप से आध्यात्मिक उन्नयन होगा।<br>2. विद्यार्थी भारतीय दार्शनिक चिंतन की वैज्ञानिकता से अवगत होगा।<br>3. विद्यार्थी भारतीय संस्कृति एवं कला से परिचित होगा।<br>4. विद्यार्थियों का भारतीय दर्शन के माध्यम से बौद्धिक एवं मानसिक विकास होगा।<br>5. विद्यार्थी गद्य विधा लेखन में दक्ष होंगे।<br>6. विद्यार्थियों में संस्कृत व्याकरण के अध्ययन से वाक्य निर्माण व प्रयोग का ज्ञान होगा। |
| *महाकाव्य एवं नाटक*<br><br>**A2- SANS -2T**<br>*Major-II / Minor / Open Elective* | 1. विद्यार्थी महाकाव्यों की रचना पद्धति से परिचित होंगे।<br>2. विद्यार्थियों में आश्रम के नियमों तथा गौसेवा की महिमा का बोध होगा।<br>3. विद्यार्थियों को नाट्यशास्त्रीय तत्वों का ज्ञान होगा।<br>4. विद्यार्थी रंगमंचीय प्रयोग तथा नाट्यलेखन की विधा से परिचित होंगे।<br>5. विद्यार्थियों में अभिनय कला का विकास तथा अभिरुचि का संवर्धन होगा।<br>6. विद्यार्थी प्राचीन नाट्यकारों एवं उनकी कृतियों से परिचित होंगे। |

# III Year

| COURSE TITLE | COURSE LEARNING OUTCOMES |
|---|---|
| *काव्य, व्याकरण और भाषा विज्ञान*<br>**BA28306**<br>***Paper-I*** | 1. विद्यार्थियों को श्रीमद्भगवत गीता के उपदेश एवं महत्वों से परिचित कराना।<br>2. विद्यार्थियों को पंचतंत्र, गीत गोविन्द, अमरूशतक के माध्यम से नैतिक शिक्षा प्रदान करना।<br>3. विद्यार्थियों को उपनिषदों के परिचय से वेदों का ज्ञान कराना।<br>4. विद्यार्थियों में भाषा विज्ञान द्वारा व्याकरण तथा वाक्य निर्माण का ज्ञान कराना।<br>5. विद्यार्थियों को भाषा का महत्व तथा उसकी विशेषताएँ समझाना। |
| *काव्य, रस, छंद एवं अलंकार*<br>**BA28307**<br>***Paper-II*** | 1. विद्यार्थियों को 'किरातार्जुनियम' काव्य के अध्ययन से प्राचीन गुप्तचर व्यवस्था एवं आदर्श राजनीति के तत्वज्ञान से परिचित कराना।<br>2. विद्यार्थियों को आदर्श दाम्पत्य जीवन की प्रेरणा देना।<br>3. विद्यार्थियों को नाट्यकला एवं चित्रकला का अवबोध कराना।<br>4. विद्यार्थियों को 'उत्तर रामचरितम्' के अध्ययन से करुण रस की चरम अनुभूति कराना।<br>5. विद्यार्थियों का उपदेशात्मक काव्य से नैतिक मूल्यों का विकास करना। |

# Master of Arts in Sanskrit

## Program Specific Outcomes

1. यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के चारित्रिक विकास में उपयोगी होगा।
2. विद्यार्थी भारतीय संस्कृति एवं कलाओं में पारंगत होंगे।
3. विद्यार्थी काव्य लेखन में निपुण होंगे।
4. विद्यार्थियों को संस्कृत में वाक्य निर्माण एवं प्रयोग का ज्ञान होगा।
5. विद्यार्थियों का संस्कृत में अनुवाद एवं बोलने के कौशल का विकास होगा।
6. विद्यार्थियों को NET, JRF और Ph.D. करने के अवसर प्राप्त होंगे।
7. विद्यार्थियों को संपादन, मुद्रितशोधन, अनुवादन, प्रकाशन इत्यादि की जानकारी होगी।

# I Semester

| COURSE TITLE | COURSE LEARNING OUTCOMES |
|---|---|
| *वेद*<br><br>**MA041** | 1. विद्यार्थी वेद मंत्र के अध्ययन एवं यज्ञ विधान के माध्यम से सृष्टि की उत्पत्ति में जल तत्व की महिमा एवं संरक्षण की विधियों से अवगत होंगे।<br>2. विद्यार्थी विश्व की धरोहर के रूप में वैदिक संहिता के ज्ञान की महिमा से लाभांवित होंगे।<br>3. धार्मिक, आध्यात्मिक एवं कर्मकाण्ड के प्रति विद्यार्थियों की अभिरुचि जागृत होगी।<br>4. विद्यार्थियों को यज्ञ विधियों से पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा प्राप्त होगी।<br>5. विद्यार्थी ब्रह्म तत्व के स्वरूप एवं आत्मतत्व के ज्ञान से अवगत होंगे।<br>6. विद्यार्थी सृष्टि संरचना के लिए विराट पुरूष के स्वरूप से अवगत होंगे।<br>7. विद्यार्थी पंच महायज्ञ के वैशिष्ट्य से अवगत होंगे। |
| *वेदांग*<br><br>**MA042** | 1. विद्यार्थियों को व्याकरण के माध्यम से संस्कृत साहित्य की संरचना की समझ विकसित होगी।<br>2. विद्यार्थी वर्ण उच्चारण प्रक्रिया, शब्द रचना, वैदिक शब्दों के निर्वचन से अवगत होंगे।<br>3. विद्यार्थी ऋक्प्रातिशाक्य के माध्यम से व्याकरणिक सूत्रों से परिचित होंगे।<br>4. विद्यार्थी पाणिनीय शिक्षा के द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण एवं संरचना से परिचित होंगे। |
| *पाली, प्राकृत तथा भाषा विज्ञान*<br><br>**MA043** | 1. विद्यार्थी भारतीय आर्य भाषाओं के ज्ञान से परिचित होंगे।<br>2. विद्यार्थी प्राचीन भारतीय भाषा शास्त्रीय आचार्यों से परिचित होंगे।<br>3. विद्यार्थी पाली एवं प्राकृत भाषा के अध्ययन से बौद्ध एवं जैन दर्शन के सिद्धान्तों से परिचित होंगे।<br>4. विद्यार्थी प्राचीन अभिलेख, शिलालेख की लिपियों के ज्ञान से परिचित होंगे।<br>5. विद्यार्थी भाषा विज्ञान की शाखाओं के द्वारा अर्थ, ध्वनि एवं वाक्य परिवर्तनों के कारण से परिचित होंगे। |

| COURSE TITLE | COURSE LEARNING OUTCOMES |
|---|---|
| *काव्य*<br><br>**MA044** | 1. विद्यार्थी महाकवि कालिदास द्वारा रचित 'मेघदूतम्' से भारत के भौगोलिक एवं प्राकृतिक चित्रण से अवगत होंगे।<br>2. विद्यार्थी महाकवि कालिदास की काव्य रचना एवं काव्य वैशिष्ट्य से परिचित होंगे।<br>3. विद्यार्थियों में महाकवि कालिदास के काव्य से पर्यावरणीय ज्ञान का अवबोध होगा।<br>4. विद्यार्थी कुमारसम्भवम् से शिव पार्वती की तपस्या, विवाह और उनके पुत्र कार्तिकेय के जन्म से परिचित होंगे। |


सा विद्या या विमुक्तये

IQAC हौसलों से उड़ान Govt PG College, Guna (MP)

# II Semester

| COURSE TITLE | COURSE LEARNING OUTCOMES |
|---|---|
| *भारतीय दर्शन*<br>**MA2013** | 1. विद्यार्थी भारतीय दर्शन, चिंतन से परिचित होंगे।<br>2. विद्यार्थियों में भौतिक दृष्टि से आध्यात्मिक उन्नयन विकसित होगा।<br>3. विद्यार्थियों को धर्म उपदेश एवं पुराण प्रवचन के लिए भारतीय दर्शन का ज्ञान प्राप्त होगा।<br>4. विद्यार्थियों को आस्तिक दर्शन के अध्ययन से ईश्वर की सत्ता का ज्ञान होगा। |
| *सांख्य एवं योग*<br>**MA2014** | 1. विद्यार्थियों में त्रयगुण से बौद्धिक एवं मानसिक विकास होगा।<br>2. विद्यार्थियों को योग के माध्यम से मानव-जीवन को शतायु एवं सुखमय जीने की कला का ज्ञान होगा।<br>3. विद्यार्थी कर्मेन्द्रियाँ, ज्ञानेन्द्रियाँ एवं महतत्व के वैशिष्ट्य से अवगत होंगे।<br>4. विद्यार्थी योग के अध्ययन से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान से अवगत होंगे। |
| *काव्यशास्त्र*<br>**MA2015** | 1. विद्यार्थी काव्यशास्त्रीय सिद्धांतों के प्रतिपादन, काव्य अध्ययन एवं रचना के प्रति जागृत होंगे।<br>2. विद्यार्थी काव्यशास्त्रीय चिंतकों का अध्ययन कर प्राचीन काव्यशास्त्रीय चिंतन से अवगत होंगे।<br>3. विद्यार्थी काव्यतत्व एवं काव्यसौन्दर्य से अवगत होंगे।<br>4. विद्यार्थियों में काव्य सर्जन हेतु काव्यशास्त्र के मौलिक सिद्धान्तों के ज्ञान के प्रति अभिरूचि जागृत होगी। |
| *भारतीय संस्कृति एवं पर्यावरण*<br>**MA2016** | 1. विद्यार्थी भारतीय संस्कृति में कला एवं पर्यावरण से परिचित होंगे।<br>2. विद्यार्थी पर्यावरण के वैश्विक महत्व से परिचित होंगे।<br>3. विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अभिरुचि जागृत होगी।<br>4. विद्यार्थी प्राचीन वाङ्मय में निहित पर्यावरण संरक्षण की विधियों से अवगत होंगे।<br>5. विद्यार्थी भारतीय संस्कृति में सोलह संस्कारों की विधियों एवं उद्देश्य से परिचित होंगे। |

# III Semester

| COURSE TITLE | COURSE LEARNING OUTCOMES |
|---|---|
| *साहित्यशास्त्र*<br>**MAC022301** | 1. विद्यार्थी काव्यशास्त्रीय वैशिष्ट्य, काव्य अलंकार, छन्द, रस से अवगत होंगे।<br>2. विद्यार्थी काव्यशास्त्र के अध्ययन से काव्य गुण एवं दोष से अवगत होंगे।<br>3. विद्यार्थी साहित्यशास्त्र के विभिन्न सम्प्रदायों एवं आचार्यों से परिचित होंगे।<br>4. विद्यार्थी में कल्पना शक्ति का विकास एवं काव्य सौन्दर्य का ज्ञान होगा। |
| *संस्कृत वाङ्मय एवं आधुनिक विश्व*<br>**MAC022302** | 1. विद्यार्थी मानवीय मूल्यों एवं नैतिक दायित्वों की शिक्षा के प्रति जागृत होंगे।<br>2. विद्यार्थी मनुस्मृति के माध्यम से भारतीय संस्कृति संस्कार एवं मानवीय मूल्यों से अवगत होंगे।<br>3. विद्यार्थी संस्कृत के माध्यम से प्राचीन राजव्यवस्था एवं शासनतन्त्र से अवगत होंगे।<br>4. विद्यार्थी प्राचीन गुप्तचर व्यवस्था एवं आदर्श राजनैतिक तत्वों से परिचित होंगे।<br>5. विद्यार्थी रामायण के आदर्श बिंदुओं से परिचित होंगे।<br>6. विद्यार्थी मनुस्मृति में वर्णित धर्म की अवधारणा, विवाह, राजधर्म, संस्कार एवं सृष्टि की उत्पत्ति आदि से अवगत होंगे। |
| *महाकाव्य*<br>**MAC022303** | 1. विद्यार्थी भारतीय महाकाव्य परम्परा एवं उनकी रचना पद्धति से अवगत होंगे।<br>2. विद्यार्थी महाकाव्य के विविध स्वरूपों को जानेंगे।<br>3. विद्यार्थी महाकवि माघ के काव्य वैशिष्ट्य से अवगत होंगे।<br>4. विद्यार्थी रघुवंश महाकाव्य में वर्णित रघुवंशी राजाओं के पराक्रम, त्याग एवं दानशीलता से परिचित होंगे। |
| *नाट्यशास्त्र*<br>**MAC022304** | 1. विद्यार्थियों में भारतीय नाट्यशास्त्र के तत्वों का ज्ञान होगा।<br>2. विद्यार्थी रंगमंचीय प्रयोग एवं नाट्य लेखन की विधा से परिचय होंगे।<br>3. विद्यार्थियों में अभिनय कला का विकास एवं संवर्धन होगा।<br>4. विद्यार्थी भारतीय प्राचीन नाट्याचार्यों एवं उनकी कृतियों से परिचित होंगे। |

# IV Semester

| COURSE TITLE | COURSE LEARNING OUTCOMES |
|---|---|
| *व्याकरण एवं निबंध*<br>**MAC022401** | 1. विद्यार्थी व्याकरण के माध्यम से संस्कृत साहित्य की संरचना को समझेंगे।<br>2. विद्यार्थियों में संस्कृत में निबंध लेखन एवं अनुवाद कला का विकास होगा।<br>3. विद्यार्थी वाक्य निर्माण एवं प्रयोग से परिचित होंगे।<br>4. विद्यार्थियों में संस्कृत शिक्षण कौशल का विकास होगा। |
| *रूपक*<br>**MAC022402** | 1. विद्यार्थी भारतीय प्राचीन नाट्य के अध्ययन से प्राचीन साहित्य एवं संस्कृति से परिचित होंगे।<br>2. विद्यार्थी रूपक के दस भेदों के अध्ययन से नाटक की विभिन्न विधाओं से परिचित होंगे।<br>3. विद्यार्थियों में नाट्य के इतिवृत्त लेखन में अभिरूचि जागृत होगी।<br>4. विद्यार्थी 'वेणीसंहार' के अध्ययन से भीम की त्यागशीलता से परिचित होंगे।<br>5. विद्यार्थी 'मृच्छकटिकम्' के अध्ययन से वसंतसेना एवं चारूदत्त की प्रणय कथा से अवगत होंगे। |
| *गद्य, पद्य तथा चम्पू काव्य*<br>**MAC022403** | 1. विद्यार्थी वैदिक काल की गद्य विधाओं के महत्व एवं रचना शैली से अवगत होंगे।<br>2. विद्यार्थी महाकवि बाणभट्ट की 'महाश्वेता वृतांत' के अध्ययन से बाण की गद्य शैली से अवगत होंगे।<br>3. विद्यार्थी 'नलचम्पू' के अध्ययन से गद्य एवं पद्य की मिश्रित चम्पू शैली से परिचित होंगे।<br>4. विद्यार्थी 'नलचम्पू' के अध्ययन से शब्द योजना एवं शब्दालंकार से परिचित होंगे। |

| COURSE TITLE | COURSE LEARNING OUTCOMES |
|---|---|
| *विशेष कवि कालिदास*<br><br>**MAC022404** | 1. विद्यार्थी महाकवि कालिदास की काव्यशैली, प्राकृतिक सौंदर्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक, राजनैतिक एवं प्राचीन परंपराओं से परिचित होंगे।<br>2. विद्यार्थियों को 'ऋतुसंहार' के अध्ययन से भारत की षड् ऋतुओं से भारत की समृद्धि का ज्ञान होगा।<br>3. विद्यार्थी महाकवि कालिदास द्वारा रचित 'मेघदूतम्' से भारत के भौगोलिक एवं प्राकृतिक चित्रण से अवगत होंगे।<br>4. विद्यार्थी 'विक्रमोर्वशीयम्' के अध्ययन से पुरूरवा, उर्वशी की कथा से से अवगत होंगे।<br>5. विद्यार्थी महाकवि कालिदास की काव्य रचना एवं काव्य वैशिष्ट्य से परिचित होंगे।<br>6. विद्यार्थियों में महाकवि कालिदास के काव्य से पर्यावरणीय ज्ञान का अवबोध होगा।<br>7. विद्यार्थी कुमारसम्भवम् से शिव पार्वती की तपस्या, विवाह और उनके पुत्र कार्तिकेय के जन्म से परिचित होंगे। |

Digitally signed by Brij Kishore Tiwari
Date: 2023.08.24 13:45:51

| (Shri Prakash Chand Chaurasia) | (Dr. Niranjan Shrotriya) | (Dr. B.K. Tiwari) |
|---|---|---|
| HOD | CO-ORDINATOR, IQAC | PRINCIPAL |
| *Department of Sanskrit* | *Govt. Postgraduate College, Guna (M.P.)* | *Govt. Postgraduate College, Guna (M.P.)* |